दिन–बुधवार दिनांक– 24 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में चुनाव प्रचार समाप्त। अंतिम दिन विभिन्न दलों और गठबंधनों के नेताओं ने झोंकी पूरी ताकत।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कांग्रेस देश के मध्यम वर्ग की कमाई को लूटने की योजना बना रही है।

03. चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने का कल अंतिम दिन।

04. और, राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक हॉट डे की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर आज शाम थम गया। इस चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। इन सीटों पर कुल पचास उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। किशनगंज और भागलपुर से बारह–बारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, बांका से दस, कटिहार से नौ और पूर्णियां से सात उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है।

————————————————————————————

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में एनडीए प्रत्याशी अजय कुमार मंडल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। कटिहार संसदीय क्षेत्र में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और जदयू के बीच माना जा रहा है, लेकिन बागी उम्मीदवारों के मौजूदगी से चुनाव दिलचस्प हो गया है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

पूर्णियां संसदीय क्षेत्र में सभी दलों और गठबंधनों के स्टार प्रचारकों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए रैली, सभा और रोड शो किये। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

किशनगंज में सभी दलों और गठबंधनों के वरिष्ठ नेता प्रचार के अंतिम दौर तक मैदान में डटे रहे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि किशनगंज में मुकाबला त्रिकोणीय है।

———बाईट———

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस देश के मध्यम वर्ग की कमाई को लूटने की योजना बना रही है। मध्य प्रदेश के सागर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम लोगों को मां–बाप से विरासत में मिली सम्पत्ति पर भी नजर लगाये बैठी है और इनहेरिटेंस टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है।

———बाईट———

———————————————————————————————

इधर, तीसरे चरण के चुनाव प्रचार ने भी जोर पकड़ लिया है। तीसरे चरण में राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में सात मई को मतदान होना है। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के राजनगर मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि एनडीए के दस वर्षों के शासन में राजनीति की संस्कृति और जनहित के काम करने का तरीका दोनों बदल गया है।

———बाईट———

श्री नड्डा ने खगड़िया में भी एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने अररिया में एक चुनावी सभा में भाग लिया। राजद, कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने भी महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं की। वहीं, वांमपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों के साथ ही इंडी गठबंधन के अन्य प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटे हैं।

———————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि यह चुनाव दो धाराओं का चुनाव है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि इस चुनाव में मुकाबला संविधान को बचाने वाले गठबंधन और दूसरा देश में नफरत की राजनीति करने वाले गठबंधन के बीच है।

———बाईट———

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने की समय सीमा कल समाप्त हो जायेगी। इन सीटों पर नामांकन भरने के काम में तेजी आ गयी है। आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से अमरेश राय ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र

दाखिल किया। अमरेश राय राजद से टिकट नहीं मिलने से बागी हो गये हैं। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————

जदयू ने राष्ट्रीय जनता दल पर शराब कम्पनियों से चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाया है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि इलेक्ट्रल बांड के विवरण से यह साफ हो गया है कि राजद ने राज्य में शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब कम्पनियों से चंदा लिया। उन्होंने कहा कि राजद को यह बताना चाहिए कि शराब कम्पनियों ने पार्टी को यह चंदा क्यों दिया है।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात खगड़िया लोकसभा सीट की। खगड़िया बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

कोसी, कमला, बागमती और गंगा–गंडक समेत लगभग आधा दर्जन नदियों से घिरे खगड़िया संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक मिजाज भी नदियों की धारा से मेल खाता है। यह भी कहा जाता है कि फरकिया का यह इलाका जैसे जमीन के मामले में स्थिर नहीं रहा, वैसे ही इस लोकसभा क्षेत्र का बार–बार परिसीमन होता रहा। खगड़िया लोकसभा सीट के अंतर्गत खगड़िया, समस्तीपुर और सहरसा जिले के छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में इस सीट से लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के महबूब अली कैसर को जीत मिली थी। लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जिसके बाद वे राजद में शामिल हो गये। लोजपा आर ने उनकी जगह भागलपुर के राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। श्री वर्मा भागलपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर रह चुके हैं। वहीं, उनके मुकाबले हैं सीपीआईएम के संजय कुमार। इसके अलावा दस अन्य उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच ही माना जा रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों– सिमरी बख्तियारपुर, हसनपुर और अलौली पर राजद, जबकि खगड़िया पर कांग्रेस का कब्जा है। वहीं, बेलदौर और परबत्ता विधानसभा क्षेत्रों में जदयू के विधायक हैं। मक्का उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले इस संसदीय क्षेत्र में उद्योग–धंधों का घोर अभाव है। साथ ही एक लंबे अरसे से क्षेत्र की जनता बाढ़ और पलायन जैसे मुद्दों से जूझ रही है। दोनों ही गठबंधन के प्रत्याशियों के अपने–अपने दावे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस पर अपना भरोसा जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————

लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आज पटना स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव के शेष छह चरणों के दौरान पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गयी।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के खजौली में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया है। मानव श्रृंखला में स्कूली बच्चे, जीविका दीदियां, आंगनबड़ी सेविका समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मि भी शामिल हुये हैं।

---

कैमूर जिले में जिला प्रशासन की पहल पर कारोबारी और व्यवसायी भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रह हैं। दुकानदार ग्राहकों को सामान खरीदने पर एक जून को चलों मतदान करे की मुहर लगी रसीद दे रहे हैं।

---

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में है। शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, खगड़िया, बांका, नवादा, सारण, सीवान समेत राज्य के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री के आस–पास दर्ज किया गया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, बाराचट्टी, डेहरी, औरंगाबाद, गया, दाउदनगर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हल्की वर्षा दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। उष्ण दिवस की आशंका को लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

–––बाईट–––

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में चुनाव प्रचार समाप्त। अंतिम दिन विभिन्न दलों और गठबंधनों के नेताओं ने झोंकी पूरी ताकत।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कांग्रेस देश के मध्यम वर्ग की कमाई को लूटने की योजना बना रही है।
03. चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने का कल अंतिम दिन।
04. और, राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक हॉट डे की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।